समान अवसर आयोग का व्यक्तिगत जानकारी संग्रहण कथन और गोपनीयता नीति कथन ("कथन")

हम व्यक्तिगत डेटा (गोपनीयता) अध्यादेश (कैप 486, हांगकांग का कानून) ("PD(P)O") की शर्तों के अनुपालन की शपथ लेते हैं। ऐसा करने में, हम अपने स्टाफ के सभी सदस्यों द्वारा सुरक्षा और गोपनीयता के सभी आवश्यक मानकों के साथ PD(P)O का अनुपालन करने के लिए तर्कसंगत व्यवहार्य कदम उठाएंगे।

जानकारी की प्राप्ति और उपयोग

हम आपसे संबंधित व्यक्तिगत जानकारी ("व्यक्तिगत डेटा") तब प्राप्त कर सकते हैं जब आप पूछताछ या शिकायतें करते हैं, समान अवसर आयोग (EOC) को आवेदन-पत्र जमा करते हैं, हमारी कार्यप्रणाली में भाग लेते हैं या हमारे साथ संचार करते हैं। यदि आवश्यक व्यक्तिगत डेटा उपलब्ध नहीं करवाया जाता है तो हम आपकी पूछताछ, शिकायतों पर प्रक्रिया करने और आपको सेवाएं प्रदान करने या प्रदान करना जारी रखने में असमर्थ हो सकते हैं।

हम आपके व्यक्तिगत डेटा को निम्नलिखित में किसी भी उद्देश्य के लिए समय-समय पर उपयोग कर सकते हैं:

a. आपकी पूछताछ और शिकायतों का निष्पादन और फॉलोअप करना;

b. हमारे कोई भी वैधानिक कार्यों को करना;

c. हमारी सेवा के उपयोगकर्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी सेवाओं की निगरानी और उनमें सुधार करना;

d. सेवा में सुधार के लिए रिसर्च करना;

e. किसी दावे के संबंध में या किसी दावे के बचाव में कार्रवाई करने में EOC बीमाकर्ता को सूचित करना जिसमें एक पक्ष के रूप में आप शामिल हों;

f. हमारी अन्य सेवाओं के संबंध में आपको जानकारी और सामग्रियां भेजना (आपकी सहमति के अधीन);

g. नियामक या अन्य प्राधिकरणों द्वारा जारी कानूनों, विनियमों या दिशानिर्देशों का अनुपालन करना;

h. कोई अन्य उद्देश्य जिसके लिए आपने सहमति दी है; और

i. उपरोक्त में किसी से भी संबंधित कोई और उद्देश्य।

आपके निजी डेटा को आवश्यक उद्देश्य पूरा होने से अधिक समय तक नहीं रखा जाएगा (किसी भी प्रत्यक्ष संबंधित उद्देश्य सहित) जिसके लिए डेटा का उपयोग किया जाना है।

कुकीज़ का उपयोग

जब आप हमारी वेबसाइट पर विजिट करते हैं, तो हम आपकी विजिट को केवल एक "हिट" के रूप में रिकॉर्ड करते हैं और आपसे संबंधित कोई व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी संग्रहित नहीं करते हैं। दूसरी और "कुकीज़" आपके कंप्यूटर के वेब ब्राउजर में संग्रहित की जाएंगी यदि आपने इस कार्यक्षमता को सक्षम किया है। "कुकी" सूचना का एक अंश होती है

जो वेबसाइट द्वारा तब भेजा जाता है जब आप किसी वेबसाइट को ब्राउज कर रहे होते हैं। यह आपकी प्राथमिकताओं को रिकॉर्ड करती है और आपके वेब ब्राउजर में संग्रहित हो जाती है। हम कुकीज़ का उपयोग आपके व्यक्तिगत डेटा को प्राप्त करने के लिए नहीं करते हैं। आप अपने वेब ब्राउजर पर कुकीज़ अक्षम कर सकते हैं, पर यदि आप कुकीज़ अक्षम करते हैं तो आप हमारी वेबसाइट पर मौजूद कुछ खास विशेषताओं का उपयोग करने में समर्थ नहीं होंगे, जैसे पसंदीदा भाषा का चयन करना।

डेटा सुरक्षा और प्रकटीकरण

हम सभी व्यक्तिगत डेटा को गोपनीय रखते हैं परंतु उपरोक्त वर्णित उद्देश्यों के लिए व्यक्तिगत डेटा को निम्नलिखित श्रेणियों के व्यक्तियों (चाहे हांगकांग में या इससे बाहर) के सामने प्रकटीकरण या स्थानांतरित कर सकते हैं:

a. EOC द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के लिए आपकी शिकायत(तों), पूछताछ, आवेदन(नों), ओर अनुरोध(धों) के संबंध में किसी भी संबंधित पक्षों को;
b. हमारे द्वारा नियुक्त किए गए कानूनी सलाहकारों और अन्य पेशेवर सलाहकारों को जैसे रिसर्च सलाहकार और एजेंट ;
c. उन व्यक्तियों को जिनके प्रति हम नियामक या अन्य प्राधिकरणों या कानून प्रवर्तन एजेंसी, या किसी न्यायालय या न्यायिक निकाय द्वारा जारी किसी कानूनों, विनियमों या दिशानिर्देशों द्वारा व्यक्तिगत डेटा के प्रकटीकरण के लिए बाध्य या शर्ताधीन हैं; और/या

d. उन व्यक्तियों को जिन्हें किसी गैर-कानूनी गतिविधियों या संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम या पता लगाने के लिए हमारे द्वारा क्रियान्वित नीतियों और उपायों के तहत हमारे लिए व्यक्तिगत डेटा का प्रकटीकरण आवश्यक है।

अन्य वेबसाइटों के लिंक

हम आपकी सुविधा के लिए अन्य वेबसाइटों के लिए हाइपरलिंक प्रदान करते हैं। कृपया ध्यान दें यह कथन केवल हमारी वेबसाइट पर लागू होता है और अन्य वेबसाइटों पर लागू नहीं होता है।

यदि आप अन्य वेबसाइटों को जोड़ने वाले किसी हाइपरलिंक को क्लिक करते हैं तो निजी डेटा की सुरक्षा और अन्य वेबसाइटों पर कुकीज़ से आपका संपर्क होना हमारी जिम्मेदारी नहीं है। आपको संबंधित वेबसाइट की गोपनीयता नीति और कार्यपद्धति का संदर्भ लेने की सलाह दी जाती है।

व्यक्तिगत डेटा तक पहुँच और सुधार

PD(P)O के अंतर्गत, आमतौर पर किसी व्यक्ति के पास अपने व्यक्तिगत डेटा तक पहुँच हासिल करने और हमारे लिए अनिवार्य रूप से उसके किसी गलत व्यक्तिगत डेटा को सुधारने का अधिकार होता है। व्यक्तिगत डेटा तक पहुँच के लिए कोई भी अनुरोध लिखित रूप में Equal Opportunities Commission, 16/F, 41 Heung Yip Road, Wong Chuk Hang, Hong Kong को निम्नलिखित कार्मिकों में से किसी एक को संबोधित करते हुए किया जाना चाहिए:

a. डायरेक्टर (कम्पलेंट सर्विसेज) या चीफ लीगल काउंसल को क्रमश: उनमें से किसी के भी कार्यक्षेत्र से संबंधित व्यक्तिगत डेटा को धारित करने के संबंध में;

b. अन्य सभी रिकॉर्ड में व्यक्तिगत डेटा धारित करने के संबंध में डायरेक्टर, कार्पोरेट प्लानिंग एण्ड सर्विसेज।

विवरण के लिए कृपया हमारी 'गोपनीयता और डेटा सुरक्षा नीति और व्यवहार'पर विजिट करें।

हमारे पास किसी डेटा पहुँच अनुरोध का संसाधन करने के लिए एक शुल्क लेने का अधिकार है।

यह कथन अंग्रेजी भाषा में अन्य भाषाओं में अनुवाद के साथ लिखा गया है। यदि अंग्रेजी भाषा और अनुदित संस्करणों में कोई अंतर या विसंगति है तो अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

अप्रैल 2023 में संशोधित